# वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर: ISFR

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (ISFR) 2023 के अनुसार, **छत्तीसगढ़ संयुक्त वन और वृक्ष आवरण वृद्धि में शीर्ष राज्य** के रूप में उभरा है।

## मुख्य बिंदु

- **छत्तीसगढ़ का वन एवं वृक्ष आवरण विकास:**
  - **भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (ISFR) 2023** के अनुसार, छत्तीसगढ़ **संयुक्त वन और वृक्ष आवरण वृद्धि में शीर्ष राज्य** के रूप में उभरा है।
  - छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र में **94.75 वर्ग किमी.** की वृद्धि हुई, जिससे इसका कुल वन क्षेत्र **55,811.75 वर्ग किमी. हो गया।**
  - राज्य में **वन एवं वृक्ष आवरण** में कुल **684 वर्ग किमी. की वृद्धि दर्ज की गई,** जो सभी भारतीय राज्यों में सबसे अधिक है।
  - छत्तीसगढ़ का **संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण (55,812 वर्ग किमी.)** देश में **मध्य प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बाद तीसरा सबसे बड़ा** है, जहाँ वन एवं वृक्ष क्षेत्र दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ISFR 2023 के प्रमुख निष्कर्ष

- **कुल वन एवं वृक्ष आवरण:**
  - भारत का कुल वन एवं वृक्ष आवरण **8,27,357 वर्ग किमी. है,** जो **देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% है।**
  - भारत में कुल वन एवं वृक्ष आवरण में **7,15,343 वर्ग किमी. वन आवरण** (कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.76%) और **1,12,014 वर्ग किमी. वृक्ष आवरण** ( कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.41%) शामिल है।
- **वन एवं वृक्षावरण वृद्धि में शीर्ष राज्य:**
  - **छत्तीसगढ़:** वन एवं वृक्ष आवरण में **684 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई।**
  - **उत्तर प्रदेश: 559 वर्ग किमी.** क्षेत्रफल बढ़ा।
  - **ओडिशा: 559 वर्ग किमी.** क्षेत्रफल बढ़ा।
  - **राजस्थान:** क्षेत्रफल में **394 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई।**
- **सर्वाधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले राज्य:**
  - **मध्य प्रदेश:** सबसे बड़ा कुल क्षेत्रफल **85,724 वर्ग किमी.**
  - **अरुणाचल प्रदेश: 67,083 वर्ग किमी.** में दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र।
  - **महाराष्ट्र: 65,383 वर्ग किमी.** में तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र।
- **सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले राज्य:**
  - **मध्य प्रदेश: 77,073 वर्ग किमी.**
  - **अरुणाचल प्रदेश: 65,882 वर्ग किमी.**
  - **छत्तीसगढ़: 55,812 वर्ग किमी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-tops-in-forest-and-tree-cover-growth-isfr